Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide compensation to villages of Garhwa district of Jharkhand falling under submergence area of Kanhar dam in Uttar Pradesh

श्री विऐणु दयाल राम (पलामू) ः मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विऐाय की ओर आकृऐट कराना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार सोनभद्र जिलान्तर्गत दुद्धी के अमवार में कनहर नदी पर डैम बना रही है। विदित है कि मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू (झारखण्ड) का जिला गढ़वा उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले से सटा हुआ है, जिसके कारण अमवार में डैम बनने से गढ़वा जिले के धुरकी प्रखण्ड के चार गांव फेफसा, भूमफोर, शुरू एवं परापानी कला डूब रहे हैं। झारखण्ड के इन चारों गांव के डूब प्रभावितों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है जबकि उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने यहां के डूब प्रभावितों को मुआवजा की राशि का भुगतान कर दिया है तथा उत्तर प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार की मांग पर मुआवजे की राशि उन्हें भी दे दी है। लेकिन झारखण्ड के इन चारों गांव के ग्रामीण विस्थापन के भय से परेशान है तथा अपना जल्द सर्वेक्षण कराकर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इस डैम के निर्माण की लागत 2239 करोड़ रूपये है। डैम का लगभग 62 परसेंट कार्य हो चुका है तथा 2019 तक इस कार्य को पूर्ण कर देना है। इस डैम से सोनभद्र जिले के दुद्धी, कोण एवं कचनरवा क्षेत्र का 35467 हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी। उत्तर प्रदेश सरकार एवं झारखण्ड सरकार के समझौते के अनुसार इस डैम से 7000 क्यूसेक पानी झारखण्ड को दिया जायेगा। जिससे खरौंधी एवं केतार प्रखंड के क्षेत्रों में सिंचाई होगी।

अतः मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि झारखंड के गढ़वा जिले के उपरोक्त चारों गांव के डूब प्रभावितों को अविलंब मुआवजे की राशि दिलाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही की जाये।